# मुंबई में भारी बारिश के कहर से डूबा शहर

**16** ट्रेनें रद्द कर दी गई हैं

**09** ट्रेनों के मार्ग किए गए परिवर्तित



<शिंदे ने राहत कार्य तेज करने के आदेश दिए
<प्राइवेट ऑफिसों को वर्क फ्रॉम होम का निर्देश

**मुंबई, 06 जुलाई.महाराष्ट्र में मानसून का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है. मुंबई, ठाणे, पुणे, कोंकण और रायगढ़ समेत कई जिले पिछले चार दिनों से भारी बारिश की चपेट में हैं.**

लगातार बारिश के कारण नदियां उफान पर हैं और कई निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गया है. सबसे अधिक असर कोंकण और रायगढ़ क्षेत्रों में देखने को मिल रहा है, जहां हालात गंभीर बने हुए हैं और भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आ रही हैं.इस बीच राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने स्वास्थ्य कारणों से अस्पताल में भर्ती होने के बावजूद स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वर्चुअल माध्यम से उच्चस्तरीय बैठक की. आईवी सपोर्ट पर होने के बावजूद उन्होंने मुंबई, कोंकण और रायगढ़ में राहत और बचाव कार्यों की समीक्षा की और प्रशासन को कड़े निर्देश जारी किए. उन्होंने कहा कि प्रभावित नागरिकों तक तत्काल सहायता पहुंचाई जाए और किसी भी प्रकार की देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी.

### उत्तराखंड में भूस्खलन से बद्रीनाथ राजमार्ग बंद

उत्तराखंड में सोमवार रात भर हुई लगातार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह से बाधित कर दिया, जिससे भूस्खलन हुआ, बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग सहित कई प्रमुख मार्ग अवरुद्ध हो गए और कई ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क टूट गया. मौजूदा मौसम की स्थिति को देखते हुए अधिकारियों ने प्रभावित जिलों में स्कूलों को बंद करने का भी आदेश दिया. मलबा और लगातार पत्थर गिरने के कारण भानारपानी, गुलाबकोटी और बिरही-निजमूला सहित कई स्थानों पर बद्रीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग अवरुद्ध हो गया है. मरम्मत का काम जारी है जबकि जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एहतियाती उपाय के तौर पर इन हिस्सों पर वाहनों की आवाजाही निलंबित कर दी गई .

# डॉ. मुखर्जी को राष्ट्रभर में दी श्रद्धांजलि

- मोदी और शाह समेत कई नेताओं ने किया नमन



**नई दिल्ली, 06 जुलाई। उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर.एन. रवि और मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी सहित विभिन्न नेताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की.**

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय एकता, बंगाल के राजनीतिक इतिहास और आधुनिक भारत को आकार देने में उनके योगदान के लिए याद किया. राधाकृष्णन ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि एक जाने-माने शिक्षाविद, दूरदर्शी राजनेता और राष्ट्र-निर्माता के तौर पर, डॉ. मुखर्जी ने भारत की शैक्षिक, राजनीतिक और लोकतांत्रिक यात्रा पर गहरी छाप छोड़ी. कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के उप-कुलपतियों में से एक, संविधान सभा के सदस्य, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के अध्यक्ष, स्वतंत्र भारत के पहले उद्योग और आपूर्ति मंत्री और भारतीय जनसंघ के संस्थापक के रूप में उन्होंने देश की असाधारण सेवा की. राष्ट्रीय एकता और अखंडता के पक्के समर्थक डॉ. मुखर्जी ने भारत के साथ जम्मू-कश्मीर के पूर्ण विलय के प्रयास में उनके आदर्श पीढ़ियों को प्रेरित करते रहेंगे.

## एक नजर में

### मिड-डे मील में मृत छिपकली मिलने से मचा हड़कंप

**नई दिल्ली.** राजधानी दिल्ली के हरी नगर स्थित सर्वोदय सह-शिक्षा विद्यालय में मिड-डे मील के भोजन में मृत छिपकली मिलने का मामला सामने आया है. घटना के बाद स्कूल प्रशासन ने तत्काल भोजन वितरण रोक दिया और संबंधित अधिकारियों को इसकी सूचना दी. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. साथ ही भोजन के नमूने जांच के लिए सुरक्षित कर लिए गए हैं. पुलिस के अनुसार, यह घटना 3 जुलाई को उस समय सामने आई जब स्कूल में छात्रों को नियमित रूप से मिड-डे मील परोसा जा रहा था. इसी दौरान भोजन वितरण में लगे एक हेल्पर की नजर खाने के कंटेनर में पड़ी मृत छिपकली पर गई. इसके बाद बिना देर किए भोजन बांटना रोक दिया गया, ताकि छात्रों तक संदिग्ध भोजन न पहुंचे. घटना सामने आने से पहले कुछ छात्रों को भोजन परोसा जा चुका था. हालांकि अब तक किसी भी छात्र के फूड पॉइजनिंग या भोजन से बीमार होने की सूचना नहीं मिली है. एहतियात के तौर पर संबंधित भोजन के नमूने एकत्र कर जांच के लिए भेजे गए हैं.

### बिहार, मप्र और गुजरात में 30 जुलाई को उपचुनाव

**नई दिल्ली.** भारतीय निर्वाचन आयोग ने तीन राज्यों की तीन महत्वपूर्ण विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए सोमवार को आधिकारिक अधिसूचना जारी कर दी है. इन सीटों पर 30 जुलाई को मतदान होगा, जबकि 3 अगस्त को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के अनुसार, नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 13 जुलाई है. नामांकन पत्रों की जांच 14 जुलाई को होगी और उम्मीदवार 16 जुलाई तक नामांकन वापस ले सकेंगे. मतदान सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा.

# अब अवसंरचना कार्यों में लाई जाए तेजी



गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग प्रबंध की समीक्षा की

**नई दिल्ली, 06 जुलाई. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स प्रबंधन लिमिटेड की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क, रोपवे, इंटरमॉडल स्टेशन और वे-साइड सुविधाओं से जुड़ी परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए.**

गडकरी ने बैठक में कहा कि ये परिवर्तनकारी परियोजनाएं देश में भविष्य की जरूरतों के अनुरूप एकीकृत परिवहन तंत्र विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण हैं. उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी मजबूत होने के साथ ही नये आर्थिक अवसर पैदा होंगे तथा क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी. उनका यह भी कहना था कि इससे देश की लॉजिस्टिक्स प्रतिस्पर्धात्मकता में बड़ा सुधार होगा.

> गडकरी ने कहा कि इन परियोजनाओं के समयबद्ध पूरा होने से लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ेगी, परिवहन लागत कम होगी, यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी तथा विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा.

केंद्रीय मंत्री ने परियोजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही प्रमुख चुनौतियों की भी समीक्षा की और सभी पक्षों को लंबित बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर कर परियोजनाओं के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया.

# एमएसएमई नीतियों पर राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

- एक्स पर उद्योग विरोधी नीतियों पर लगाया आरोप



**नई दिल्ली, 06 जुलाई. कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि एमएसएमई विरोधी सरकार की नीतियां छोटे उद्योगों का गला घोंट रही हैं और इसी कारण राजस्थान के बस एवं ट्रक बॉडी बिल्डिंग उद्योग पर संकट आया है.**

गांधी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि राजस्थान के स्थानीय बस और ट्रक बॉडी बिल्डर्स से मुलाकात के दौरान उन्हें ऐसा भारत देखने को मिला, जो अपने हाथों से रोजगार भी पैदा करता है और देश की रफ्तार भी बढ़ाता है. इन कारीगरों की विश्वस्तरीय कारीगरी फेरारी और रोल्स रॉयस जैसी कंपनियों के स्तर की है, लेकिन उन्हें सम्मान और सहयोग मिलने के बजाय नियमों के बोझ तले दबाया जा रहा है. उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार की एमएसएमई विरोधी नीतियां इन उद्योगों का गला घोंट रही हैं.

# अग्निपथ योजना में बड़ा बदलाव

## तीनों सेनाओं ने बढ़ाई रिटेंशन की मांग

**75** प्रतिशत अग्निवीरों को मिलेगी नौकरी

**25** प्रतिशत बढ़ सकती है भर्ती की समय-सीमा

**नई दिल्ली, 06 जुलाई। वर्ष 2022 में शुरू की गई अग्निपथ योजना में महत्वपूर्ण बदलाव की संभावना बन रही है. भारतीय थलसेना, नौसेना और वायुसेना ने चार वर्ष की सेवा पूरी करने वाले अग्निवीरों में से अधिक संख्या को स्थायी सेवा में शामिल करने का प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय के समक्ष रखा है.**

फिलहाल लागू व्यवस्था के अनुसार प्रत्येक बैच के केवल 25 प्रतिशत अग्निवीरों को मेरिट, मेडिकल फिटनेस और संगठनात्मक आवश्यकता के आधार पर नियमित सेवा में रखा जाता है, जबकि शेष 75 प्रतिशत अग्निवीर सेवा निधि पैकेज के साथ सेवा से मुक्त हो जाते हैं. प्रस्तावित बदलाव के तहत भारतीय नौसेना ने 75 प्रतिशत तक अग्निवीरों को स्थायी नियुक्ति देने की इच्छा जताई है. वहीं थलसेना और वायुसेना ने इस सीमा को 50 प्रतिशत तक बढ़ाने का सुझाव दिया है. इस प्रस्ताव पर रक्षा मंत्रालय स्तर पर विचार-विमर्श जारी है और अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है. कई तकनीकी और विशेषज्ञता वाले पदों पर किसी जवान को पूरी तरह दक्ष बनाने में चार वर्ष का समय पर्याप्त नहीं होता.

# 15 जहाज़ों ने सुरक्षित पार किया हॉर्मुज : नड्डा



भारत में बढ़ेगा उर्वरकों का भंडार

**नई दिल्ली, 06 जुलाई. सरकार ने कहा कि भारत के लिए उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आने वाले कुल 15 जहाज़ सुरक्षित रूप से हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य पार कर चुके हैं. इन जहाज़ों के माध्यम से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार भारत में उर्वरकों एवं कच्चे माल की आपूर्ति जारी है.**

उर्वरक एवं कच्चा माल लेकर आ रहे इन जहाजों के भारतीय तटों पर पहुंचने के साथ ही भारत के उर्वरक भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि होगी. पश्चिम एशिया में हाल ही में उत्पन्न संघर्ष के दौरान हॉर्मुज़ जलडमरूमध्य में समुद्री यातायात प्रभावित होने के बावजूद भारत सरकार ने समयबद्ध रणनीति, प्रभावी समन्वय तथा निरंतर निगरानी के माध्यम से देश में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित की है. इस संकट के बावजूद भारत सरकार ने अपने कूटनीतिक एवं रणनीतिक प्रयासों के बल पर कई नए देशों से भी उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की है और भारत की उर्वरक आपूर्ति श्रृंखला पहले से अधिक मजबूत हुई है.

केंद्रीय रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि पश्चिम एशिया में शुरु हुए संघर्ष की वजह से पूरी दुनिया की सप्लाई चेन बुरी तरह प्रभावित हुई. उर्वरकों की कीमतें आसमान छूने लगीं और माल पहुंचने में लगने वाला समय भी बढ़ गया.

## आज का इतिहास

- 1928 – स्लाइस्ड ब्रेड की पहली बार बिक्री हुई. इसे मशीन से काट कर तैयार किया गया.
- 1930– ब्रिटिश लेखक आर्थर कॉनन डॉयल का निधन.
- 1948 – बहुउद्देश्यीय परियोजना के लिए दामोदर घाटी निगम की स्थापना.
- 1981 – प्रसिद्ध भारतीय क्रिकेटर महेन्द्र सिंह धोनी का जन्म.
- 1998 – पं. विश्वमोहन भट्ट को सं.रा. अमेरिका का प्रतिष्ठित दशाब्दी का सर्वाधिक प्रशंसित व्यक्ति सम्मान मिला.
- 1999 – फ्रांसीसी वैज्ञानिकों द्वारा पेचिस पेचिस के नये टीके की खोज.
- 2000 – राष्ट्रमंडल खेल 2022 में भारत के लिये रजत पदक जीतने वाले मुक्केबाज़ सागर अहलावत का जन्म.

# अमरनाथ यात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

- तीन दिन में 56,000 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन
- हर मोर्चे पर स्वास्थ्य टीमें और पुलिस तैनात



**श्रीनगर, 06 जुलाई. जम्मू-कश्मीर में 3 जुलाई से अमरनाथ यात्रा शुरू होने के बाद से पिछले तीन दिनों में 56,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा के अंदर दर्शन किए हैं.**

विभिन्न हिस्सों से आए 24,000 से अधिक तीर्थयात्रियों ने रविवार को, यात्रा के तीसरे दिन, पवित्र गुफा में दर्शन किए. रिपोर्ट्स के अनुसार, रविवार शाम तक बालटाल और पहलगाम-चंदनवाड़ी के दोनों मार्गों से 24,648 तीर्थयात्रियों ने 3880 मीटर की ऊंचाई पर स्थित पवित्र गुफा में दर्शन किए थे. यात्रा शुरू होने के बाद पिछले दो दिनों में गुफा मंदिर में कुल 32,313 तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं. शुरुआत से लेकर अब तक पिछले तीन दिनों में 56,961 तीर्थयात्री गुफा मंदिर के दर्शन कर चुके हैं. खबरों के अनुसार, मंदिर क्षेत्र में मौसम आंशिक रूप से बादल वाला था लेकिन रविवार को पूरे दिन दोनों मार्गों पर यात्रा सुचारू रूप से संपन्न हुई. दर्शन करने वाले तीर्थयात्री रविवार शाम तक अपने-अपने शिविरों की ओर लौट गए. बालटाल और नुनवान बेस कैंप से लेकर पवित्र गुफा तक तीर्थयात्रियों की भारी भीड़ है क्योंकि प्रशासन द्वारा तीर्थयात्रियों से निर्धारित तिथि से पहले दर्शन के लिए न जाने की अपील के बावजूद हजारों तीर्थयात्री प्रतिदिन तीर्थयात्रा करने पहुंच रहे हैं.

> यह तीर्थयात्रा अनंतनाग जिले के पारंपरिक 48 किलोमीटर लंबे पहलगाम मार्ग और गांदरबल जिले के छोटे 14 किलोमीटर लंबे बालटाल मार्ग से एक साथ आयोजित की जा रही है. जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने यात्रा करने की योजना बना रहे अपंजीकृत तीर्थयात्रियों से अपनी यात्रा कुछ दिनों के लिए स्थगित करने का आग्रह किया है क्योंकि श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व भीड़ के कारण 9 जुलाई तक सभी पंजीकरण स्लॉट बुक हो चुके हैं.

# दो बच्चों की मां ने एसडीएम बन रचा इतिहास



**पटना, 06 जुलाई. शादीशुदा जीवन में घर की जिम्मेदारी, बच्चों की परवरिश और परिवार को संभालने में महिलाओं की उम्र गुजर जाती है. लेकिन इन सबके साथ एक महिला ने मिसाल कायम कर दी. रुचि रानी ने बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं परीक्षा में 260वीं रैंक हासिल की है. उन्होंने करीब साढ़े चार साल तक लगातार मेहनत की. आखिरकार बिहार प्रशासनिक सेवा में एसडीएम बनने का सपना पूरा कर लिया.**

रुचि अपनी इस सफलता का सबसे बड़ा श्रेय अपने परिवार, खासकर पति प्रभाकर भारद्वाज के सहयोग को देती हैं. रुचि रानी ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा उनकी मां थीं. उनकी मां ने भी कभी बीपीएससी परीक्षा पास करने का सपना देखा था. परीक्षा भी दी थी, लेकिन चयन नहीं हो सका. ऐसे में उन्होंने ठान लिया कि मां का अधूरा सपना वह पूरा करेंगी. इसी संकल्प ने उन्हें हर मुश्किल दौर में आगे बढ़ने की ताकत दी. रुचि ने बताया कि सफलता का सबसे बड़ा मंत्र टाइम मैनेजमेंट रहा. वह खाना बनाते समय मोबाइल पर करंट अफेयर्स सुनती थीं, बच्चों के सो जाने के बाद देर रात तक पढ़ाई करती थीं. ऑफिस में जब भी थोड़ा समय मिलता, उसे भी पढ़ाई में लगाती थीं. उनका मानना है कि अगर लक्ष्य स्पष्ट हो तो दिन का हर छोटा समय भी सफलता की सीढ़ी बन सकता है.

रुचि ने कहा कि बीपीएससी जैसी परीक्षा एक-दो महीने की तैयारी से नहीं निकलती. उन्होंने करीब 4-5 साल तक लगातार पढ़ाई की. कई बार निराशा भी हुई, लेकिन धैर्य नहीं छोड़ा. उनका मानना है कि मेहनत और धैर्य का कोई विकल्प नहीं होता.

## आईएनएस कवरत्ती का छात्रों ने किया दौरा

**नई दिल्ली.** भारतीय नौसेना के पूर्वी बेड़े के युद्धपोत आईएनएस उदयगिरि, आईएनएस शक्ति और आईएनएस कवरत्ती ने सिंगापुर के चांगी नौसैनिक अड्डे का सफल दौरा पूरा किया. रियर एडमिरल आलोक आनंद के नेतृत्व में यह यात्रा भारतीय नौसेना की परिचालन तैनाती का हिस्सा थी. इस दौरे ने भारत और सिंगापुर के बीच रणनीतिक तथा समुद्री सहयोग को और मजबूत किया. आसियान-भारत समुद्री सहयोग वर्ष और भारत सरकार की 'एक्ट ईस्ट' नीति के अनुरूप आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच कई पेशेवर वार्ताएं हुईं. इसके अलावा क्रॉस-डेक दौरों का भी आयोजन किया गया.

## हस्तियों के ट्वीट



गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आप इसे चाहे जैसे भी लिखें, अमेरिका के 250 सालों के इनोवेशन, हुनर और जिज्ञासा का जश्न मनाना तो बनता है. 4 जुलाई का दिन आपके लिए खुशियों भरा और सुरक्षित हो!



इटली के प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने हाल ही में सोशल मिडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि कल रोम में एक यादगार शाम गुज़री. इटली के सबसे प्रतिभाशाली सिंगर-सॉन्गराइटर में से एक ने इटली और उसके बाहर, संगीत और लाइव एंटरटेनमेंट की दुनिया में इतिहास रच दिया.

# बारुईपुर में नाबालिग की हत्या के मामले में दूसरी गिरफ्तारी

**कोलकाता, 06 जुलाई. पश्चिम बंगाल पुलिस ने बारुईपुर में एक नाबालिग की हत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है, जिससे इस मामले में गिरफ्तार लोगों की कुल संख्या दो हो गयी है.**

जांच के लिए तीन और लोगों को हिरासत में लिया गया है और उनसे पूछताछ की जा रही है. हत्या के मामले में मुख्य आरोपी को रविवार को गिरफ़्तार किया गया और उसे सोमवार को बारुईपुर अदालत में पेश किया जाएगा. शुरुआती गिरफ़्तारी के बाद पुलिस ने मामले में शामिल बाकी संदिग्धों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया. रात भर छापेमारी जारी रही, जिसके बाद दूसरी गिरफ्तारी हुई और तीन अन्य लोगों को हिरासत में लिया गया.

## उपलब्धियां

### भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां

# जम्मू में नितिन नबीन ने कांग्रेस पर साधा निशाना



**श्रीनगर, 06 जुलाई. बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद अपने दो दिन के दौरे पर जम्मू पहुंचे. उन्होंने सबसे पहले कार्यकर्ताओं को संबोधित किया. मंच से न केवल नितिन नवीन ने जम्मू कश्मीर में बिताए अपने दिनों को याद किया, बल्कि कांग्रेस सरकार को भी कश्मीर पर घेरा.**

बीजेपी के राष्ट्रीय ने कहा है कि जिस बंगाल में भारतीय जनता को पार्टी को बाहरी पार्टी माना जाता था, वहां भी अब भगवा ध्वज लहरा रहा है. उन्होंने कहा कि धारा 370 हटाने के बाद ही जम्मू कश्मीर को असली आजादी मिली है. उन्होंने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि जनसंघ से लेकर हमारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक के प्रचारक के रूप में उन्होंने हमें हमेशा प्रेरणा दी. उन्होंने कहा, 'आज उस धरती पर आने का मौका मिला है, जिस पुण्य धरती के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने बलिदान दिया. मैं इस धरती को प्रणाम करता हूं.' हाल में बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर नितिन नवीन ने कहा कि बीजेपी का भगवा वहां भी लहरा गया है, वहां लोग कहते थे कि भारतीय जनता पार्टी बाहर की पार्टी है, जो कोलकाता बीजेपी के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म स्थान था, वहां भी अब विकास हो रहा है. नितिन नवीन ने कहा, 'मुझे याद है जब 2011 में राष्ट्रीय एकता यात्रा के माध्यम से मुझे भी जम्मू कश्मीर में तिरंगा फहराने के लिए युवा मोर्चा की टीम के साथ आने का मौका मिला था. हम लोगों ने संकल्प लिया था कि कोलकाता से लेकर कश्मीर की यात्रा करेंगे, जहां पर श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म हुआ और जहां पर उन्होंने बलिदान दिया था.

उन्होंने कहा, 'उन्हें याद है कि जब उस यात्रा को लेकर वह निकले थे तो देश भर में कांग्रेस की सरकारों को बेचैनी हो गई थी. कांग्रेस नेता पूरे देश में बुरी तरह से बौखला गए थे, उन्हें पता था कि जम्मू कश्मीर के लिए यात्रा एक बड़ा संदेश लेकर आ रही है.

> 2011 में इसी यात्रा के रान जब 22 जनवरी का जब हम कश्मीर गए थे और जब हमने वहां प्रशासन को कहा कि हम भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ कश्मीर के लाल चौक पर तिरंगा फहराने चाहते हैं, जब मैं वहां के प्रशासन के लोगों से मिलने गया, उन्होंने कहा था कि कश्मीर की घाटी में अगर तिरंगा लहराएगा तो कश्मीर का अमन चैन खत्म हो जाएगा.

# एआई का भविष्य बिजली व्यवस्था पर निर्भर

## चिप नहीं बिजली की कमी : ब्लैकरॉक सीईओ



**न्यूयॉर्क, 06 ।दुनिया की सबसे बड़ी एसेट मैनेजमेंट कंपनियों में शामिल ब्लैकरॉक के चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी लैरी फिंक ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तेजी से बढ़ते विस्तार के सामने अब सबसे बड़ी चुनौती उन्नत कंप्यूटर चिप्स की उपलब्धता नहीं, बल्कि पर्याप्त बिजली और मजबूत ऊर्जा अवसंरचना है.**

उनका कहना है कि एआई आधारित तकनीकों के बढ़ते उपयोग के कारण बिजली की मांग लगातार बढ़ रही है, जिससे मौजूदा पावर ग्रिड पर दबाव बढ़ता जा रहा है. एक इंटरव्यू में लैरी फिंक ने कहा कि एआई मॉडल और बड़े डेटा सेंटर भारी मात्रा में कंप्यूटिंग क्षमता का उपयोग करते हैं, जिसके लिए लगातार और भरोसेमंद बिजली आपूर्ति आवश्यक है. उनके अनुसार, अमेरिका में प्राकृतिक गैस सहित पर्याप्त ऊर्जा संसाधन उपलब्ध हैं, लेकिन बिजली के उत्पादन से अधिक चुनौती उसे प्रभावी ढंग से उपभोक्ताओं तक पहुंचाने वाले ट्रांसमिशन नेटवर्क की है.

> फिंक ने यह भी कहा कि वर्तमान समय में एआई से जुड़ी कंप्यूटिंग क्षमता की मांग उपलब्ध संसाधनों से अधिक है. ऐसे में केवल उन्नत सेमीकंडक्टर चिप्स ही नहीं, बल्कि बिजली, डेटा सेंटर और अन्य बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी महत्वपूर्ण चुनौती बनती जा रही है. उन्होंने इस बात पर भी चिंता व्यक्त की कि यदि एआई तकनीक की लागत अधिक बनी रहती है, तो छोटे व्यवसाय, अस्पताल, स्थानीय प्रशासन और अन्य सीमित संसाधनों वाले संस्थान इस तकनीक का पूरा लाभ नहीं उठा पाएंगे.